# डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार

वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in

| विज्ञापन सं० – 30 / प्रतिनियुक्ति / वि०वि० / 2020–21 | अंतिम तिथि : 08 जून, 2020 (सायं 05.00 बजे तक) |
|---|---|

## गैर–शैक्षिक संवर्ग हेतु प्रतिनियुक्ति के आधार पर विज्ञप्ति

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति के आधार पर अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद का वेतनमान, अर्हता एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

| पदनाम एवं वेतनमान | पद की संख्या | अर्हता / भर्ती का स्रोत |
|---|---|---|
| **सिस्टम एनालिस्ट**<br>वेतनमान (₹) 67700–208700, लेवल–11<br>रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 6600<br>(अपुनरीक्षित) | 01 | **प्रतिनियुक्ति पर अनिवार्य अर्हता :–**<br>(1). एम0ई0 / एम0टेक0 (कम्प्यूटर विज्ञान) / डी0ओ0ई0 से "सी" स्तर का प्रमाण पत्र या मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से बी0ई0 / बी0टेक0 (कम्प्यूटर विज्ञान) एवं तकनीकी पद पर मौलिक नियुक्ति के साथ 05 वर्ष की नियमित सेवा या किसी मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) एवं तकनीकी पद पर मौलिक नियुक्ति के साथ 3 वर्ष का अनुभव।<br>(2) ओरेकिल / इनग्रेस / साइबेस, डीबी / 2 आदि जावा जैसे सी / सी फाक्सप्रो, आरडी एमएस में साफ्टवेयर डेवलपमेन्ट का पूर्ण ज्ञान, डास / यूनिक्स / विन्डोज के अधीन क्रियाशील वातावरण में केश उपकरणों का प्रयोग, नोवेल और विन्डो एनटी जैसे नेटवर्किंग वातावरण का ज्ञान, वैब इनेबिल्ड एप्लीकेशन डेवलमेंट एवं इन्टरनेट का पूर्ण ज्ञान। |
| **प्रोग्रामर ग्रेड–2**<br>वेतनमान (₹) 44900–142400, लेवल–7<br>रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4600<br>(अपुनरीक्षित) | 01 | (1). मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के साथ स्नातक उपाधि या डी0ओ0ई0 'ए' स्तर प्रमाण पत्र सहित स्नातक उपाधि। ऐसे सेवारत कार्मिक जिन्हे तकनीकी पद पर मौलिक नियुक्ति के साथ नियमित सेवा का कार्य अनुभव, अर्ह होंगे।<br>(2). डॉस / यूनिक्स / विन्डोज के अन्तर्गत कार्यरत वातावरण में सी / सी फाक्सप्रो, आरडीएमएस जैसे ओरेकिल / इनग्रेस / साइबेस, डीपी / 2 आदि साफ्टवेयर डेवलपमेन्ट का अच्छा ज्ञान।<br>(3). नोवेल और विन्डो एनटी जैसे नेटवर्किंग वातावरण का एक्सपोजर।<br>(4). आफिस आटोमेशन पैकेजेज एवं इण्टरनेट का पूर्ण ज्ञान। |

उपरोक्त पदों के लिये विश्वविद्यालय वेबसाईट से डाउनलोड किये गये आवेदन–पत्र पर ही समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित केवल **पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट** के माध्यम से **दिनांकः 08 जून, 2020** को सायं 5.00 बजे तक कुलसचिव, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ –226 017 को प्राप्त हो जायें।

कुलसचिव

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

लखनऊ।

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

## आवेदन–पत्र का प्रारूप

क्रमांक :............................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

1. विज्ञापन संख्या : 30 / प्रतिनियुक्ति / वि0वि0 / 2020–21 दिनांकः 16 मई, 2020

कैमरे के अभिमुख वक्ष तक नवीनतम पासपोर्ट साइज का स्वप्रमाणित फोटोग्राफ चिपकायें

2. आवेदित पद का नाम :..............................................................................

3. अभ्यर्थी का नाम :
   अ) हिन्दी (देवनागरी लिपि) में :..............................................................................
   ब) अंग्रेजी (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों) में :..............................................................................

4. जन्म तिथिः अंको में :..............................................................................
   शब्दों में :..............................................................................
   01 जनवरी, 2020 को आयु : .............................. वर्ष .............................. माह .............................. दिन

5. गृह जनपदः
   (अ) हिन्दी (देवनागरी लिपि) में :..............................................................
   (ब) अंग्रेजी (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :..............................................................

6. पिता / पति का नाम :
   (अ) हिन्दी (देवनागरी लिपि) में :..............................................................................
   (ब) अंग्रेजी (कैपिटल अक्षरों) में :..............................................................................

7. पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित)
   (अ) हिन्दी (देवनागरी लिपि) में :..............................................................................
   ..............................................................................
   (ब) अंग्रेजी (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :..............................................................................
   ..............................................................................
   (स) दूरभाष / मोबाइल संख्या : (1) .............................................. (2) ..............................................
   (द) ई–मेल :..............................................................................

8. राष्ट्रीयता ..............................राज्य का नाम (आवेदक जिसका मूल निवासी है) :..............................................

9. यदि आप आरक्षित वर्ग के आवेदक हैं, तो नीचे दी गई संबंधित श्रेणी के कोष्ठक में (√) का निशान लगायें:
   अनुसूचित जाति (    ) अनुसूचित जनजाति (    ) अन्य पिछड़ा वर्ग (    )

10. अनिवार्य शैक्षिक योग्यता :

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड / संस्था / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक / प्राप्तांक एवं प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | हाईस्कूल | | | | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट | | | | | |
| 3. | स्नातक | | | | | |
| 4. | परास्नातक | | | | | |
| 5. | अन्य | | | | | |
| 6. | | | | | | |

11. अधिमानी अर्हता :

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड / संस्था / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | वर्ष | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

12. अनुभव का तालिकाबद्ध विवरण :

| क्र0सं0 | मूल विभाग / संस्थान का नाम | पदनाम | वेतनमान / पे–लेवल | आहरित वेतन प्रतिमाह | अनुभव | | | सम्पादित कार्यों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कब से | कब तक | योग | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | | |

13. क्या आपको किसी न्यायालय द्वारा कभी कारावास या अर्थदण्ड दिया गया है? (हाँ / नहीं) :.................................

14. संलग्नकों का विवरण (क्रमवार संलग्नकों का विवरण भी अंकित करें) :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | | 2. | |
| 3. | | 4. | |
| 5. | | 6. | |
| 7. | | 8. | |
| 9. | | 10. | |
| 11. | | 12. | |
| 13. | | 14. | |
| 15. | | 16. | |

संलग्नकों की कुल संख्या : अंकों में ..................... शब्दों में ....................................................................................................

## घोषणा–पत्र

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूँ–

1. मैंने विज्ञप्ति में दी गई पात्रता की शर्ते सावधानीपूर्वक पढ़ी हैं तथा वे सभी मुझे मान्य हैं और उन सभी शर्तों को मैं पूरा करता / करती हूँ।
2. मेरे द्वारा इस आवेदन–पत्र में दिये गये सभी तथ्य / विवरण / सूचनाएं सत्य एवं सही हैं और मैंने इन सभी तथ्यों / विवरण / सूचनाओं में कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है। यदि कोई तथ्य / विवरण / सूचना असत्य, भ्रामक अथवा गलत पायी जाए अथवा कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाये तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाए। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायें।
3. मैंने अपने कार्यालयाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए लिखित अनुरोध कर दिया है कि मैं इस चयन के लिए आवेदन भेज रहा / रही हूँ। साक्षात्कार से पूर्व मैं अनापत्ति प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दूँगा / दूँगी। मेरे विरूद्ध विभागीय / अन्य स्तर पर न तो कभी कोई अनुशासनात्क कार्यवाही की गई है और न ही वर्तमान में कोई सतर्कता जॉच प्रचलित / लम्बित है।

स्थान : .................................

दिनांक : ...............................

अभ्यर्थी का पठनीय हस्ताक्षर दिनांक सहित

(हस्ताक्षर पठनीय न होने पर आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा।)

## विज्ञापन संख्या–30 द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर विज्ञापित पद हेतु सामान्य निर्देश

1. विज्ञापित पदों के सापेक्ष प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रथमतः 02 वर्ष की होगी, जिसे संतोषजनक सेवा पर सुसंगत नियमों के अन्तर्गत आवश्यकतानुरूप बढ़ाई जा सकती है।
2. चयन/स्क्रीनिंग/साक्षात्कार समिति के समक्ष उपस्थिति होने के समय नियुक्ति प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. भारत/राज्य सरकार सेवा में कार्यरत कार्मिक, जो अर्ह हों, वे ही सिस्टम एनालिस्ट/प्रोग्रामर ग्रेड–2 के पद पर आवेदन कर सकते हैं।
4. विज्ञापित पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु सम्बन्धित विभाग में स्थायी पद पर कम से कम पांच वर्ष की निरन्तर एवं सन्तोषजनक सेवा अनिवार्य है, जिसका प्रमाण अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा।
5. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों/सुसंगत नियमों के अनुरूप अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी।
6. यदि कार्मिक के मूल विभाग में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशे लागू नहीं हुई हैं, तो डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा 7वें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार नये वेतनमान का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।
7. जिन आवेदकों की अधिवर्षता आयु 01.01.2020 को 05 वर्ष से कम शेष रह गई है, ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु अर्ह नहीं होंगे।
8. विश्वविद्यालय की वेबसाईट **http://dsmru.up.nic.in** से डाउनलोड किये गये निर्धारित आवेदन–पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। **Online** आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, केवल **स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक** द्वारा आवेदन–पत्र स्वीकार किये जाएंगे। अधूरे तथा किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
9. विज्ञापित पद के सापेक्ष प्राप्त आवेदन–पत्र किसी भी कारण से निरस्त किये जाने पर अथवा अन्य किसी कारणवश नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित/निरस्त किये जाने पर अभ्यर्थियों का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
10. इस विज्ञापन के सम्बन्ध में सभी सूचनाएं तथा पदों पर आयोजित होने वाली परीक्षा/साक्षात्कार/परिणाम आदि की समस्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://dsmru.up.nic.in पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सम्बन्ध में पृथक से सूचनाएँ प्रकाशित नहीं की जायेंगी। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।
11. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त न होने, अपूर्ण होने तथा आवेदन–पत्र के अन्त में निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर न होने की दशा में आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी ही उत्तरदायी होगा।
12. आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किया जाना अनिवार्य हैः–
    (क) नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्वहस्ताक्षरित फोटो आवेदन–पत्र में चस्पा जाय।
    (ख) आवेदन–पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु प्रमाण–पत्र व अन्य योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न की जाएं।
13. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर उन्हें कोई मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।
14. आवेदन–पत्र प्रेषित करने से पूर्व लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं आवेदित पद का नाम अवश्य अंकित किया जाए, जिसका प्रारूप निम्नवत है :–

विज्ञापन सं0 : 30/प्रतिनियुक्ति/2020–21
आवेदित पद का नाम : ..............................

डाक
टिकट

सेवा में,

कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
मोहान रोड, लखनऊ, – 226 017

प्रेषक :
..............................................................................
..............................................................................
दूरभाष नं0/मोबाइल नं0 : ...................................................
(अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये)

15. अभ्यर्थी के अर्ह/अनर्ह होने के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी/विश्वविद्यालय प्रशासन का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। विज्ञापन में प्रकाशित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आपकी पात्रता को सुनिश्चित नहीं करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जो समस्त अभ्यर्थियों को मान्य एवं बाध्यकारी होगा।

16. सभी प्रकार के विवादों का निपटारा सिर्फ जनपद लखनऊ न्यायालय में ही मान्य होगा।

उपरोक्त पद के लिये विश्वविद्यालय वेबसाईट से डाउनलोड किये गये आवेदन–पत्र पर ही समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांकः **08 जून, 2020** को सायं 5.00 बजे तक कुलसचिव, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ – 226 017 को प्राप्त हो जायें।

कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ